# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महासमुन्द (छ0ग0)

Phone No. 07723-222232 , E-mail:-cmho_mahasamund@rediffmail.com,

क्रमांक/सं.भर्ती/2021/3481 महासमुंद, दिनांक 31/07/2021

:: विज्ञापन सूचना ::

जिला महासमुन्द के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु विभिन्न विशेषज्ञ के संविदा पदों पर भर्ती के लिये इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों हेतु **walk in interview** का आयोजन **दिनांक 16.08.2021 को कार्यालय "मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महासमुंद, जिला चिकित्सालय परिसर" में किया गया है।** इच्छुक अभ्यर्थी वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित हो सकते हैं। विज्ञापित पद का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | कुल रिक्त | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | |
| 1 | Gyncologist | 103000.00 | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | MBBS + MD/MS/DNB in Obstetrics and Gynecology /DGO from Recognized Medical Council of india |
| 2 | Paediatrician | 103000.00 | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | MBBS + MD Paediatrician / DCH from Recognized Medical Council of india |
| 3 | Anaesthetist | 103000.00 | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | MBBS + MD Anaesthesia /PGDA from Recognized Medical Council of india |
| 4 | Pathologist | 103000.00 | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | MBBS + MD Pathology/ DCP from Recognized Medical Council of india |

## चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा निर्देश :–

1. विज्ञापन के संबंध में विज्ञापन, आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम एवं शर्तें, महासमुंद जिले की वेबसाईट www.mahasamund.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।
2. उक्त पदों हेतु walk-in-interview का आयोजन निम्नानुसार समय सारणी में किया जावेगा:–

| क्र. | वॉक–इन–इन्टरव्यू तिथि /स्थान | समय | विवरण |
|---|---|---|---|
| 01 | दिनॉक– 16.08.2021<br>स्थान:– कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुन्द, जिला अस्पताल परिसर खरोरा,महासमुन्द जिला महासमुन्द (छ0ग0) | प्रातः 10:30 से 12:30 बजे तक | अभ्यर्थियों का पंजीयन एवं आवेदन प्रस्तुत करना तथा दस्तावेज सत्यापन |
| 02 | | दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक | फार्म स्क्रुटनी/कम्प्यूटर में इन्द्राज एवं दावा आपत्ति आमंत्रण हेतु सूची जारी करना |
| 03 | | 1:30 बजे से 02:00 बजे तक | दावा आपत्ति आवेदन आमंत्रण एवं निराकरण सूची तथा साक्षात्कार हेतू सूची जारी करना |
| 04 | | 02:00 बजे से | साक्षात्कार |

क्रमशः....2...

3. आवेदक walk-in-interview तिथि को निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर आवश्यक समस्त दस्तावेज़ों के साथ उपस्थित होवें। आवश्यक दस्तावेजों का विवरण निम्नानुसार हैः–
   - 10वी व 12वीं की अंकसूची।
   - एम.बी.बी.एस. की सभी वर्ष की अंकसूची।
   - इंटर्नशीप की प्रति।
   - एम.बी.बी.एस. की डिग्री (स्थायी/अस्थायी) की प्रति।
   - स्नातकोत्तर/पी.जी. डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र की प्रति।
   - छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन (स्थायी/अस्थायी) की प्रति।
   - सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रामण पत्र (आरक्षित संवर्ग हेतु)
   - सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छत्तीसगढ का मूल निवास प्रमाण पत्र।
   - अनुभव प्रमाण पत्र।
   - आवेदन के साथ नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता (अंकसूची/सर्टिफिकेट) शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से होना अनिवार्य है।
5. अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) होना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) नहीं होने की स्थिति में नियुक्ति पश्चात् 45 दिवस के भीतर पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) कराकर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नही किये जावेंगे उसे निरस्त कर दिया जावेगा।
7. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में की जावेगी। उक्त संबंध में उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. चयन प्रक्रिया का निर्धारण :–
   - निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का समानुपात – 80 अंक।
   - अनुभव का अधिकतम – 10 अंक। (प्रति वर्ष 2 अंक अधिकतम 5 वर्ष हेतु 10 अंक)
   - साक्षात्कार – 10 अंक।
9. अनुभव प्रमाण पत्र केवल केन्द्र व राज्य सरकार के उपक्रम/शासकीय/अर्ध्द शासकीय संस्था के कार्य अनुभव को ही मान्य किया जावेगा। 01 पूर्ण वर्ष में ही अनुभव का अंक दिया जावेगा। प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 05 वर्ष हेतु 10 अंक प्रदाय किया जावेगा।
10. शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. यह पद न तो नियमित है और न ही स्थायी। यह नियुक्ति केवल जिला स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किया जा रहा है।
12. संविदा मानदेय– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय राशि रू. 103000/– देय होगा इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता या सुविधा देय नही होगा।
13. उपरोक्त संविदा नियुक्ति, आदेश जारी तिथि से 31 मार्च 2022 तक के लिए होगी।
14. संविदा पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी का प्रतिवर्ष कार्यमूल्यांकन किया जायेगा। कार्यमूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में संविदा सेवा अवधि में वृध्दि आगामी वर्ष हेतु की जा सकती है।
15. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् कार्य असंतोषजनक/कदाचरण प्रवृत्ति प्रदर्शित होने पर अथवा संविदा नियम सेवा शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर अथवा उच्च कार्यालय के निर्देशों पर किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर संविदा सेवा समाप्त किया जा सकता है अथवा उन्हें एक माह का वेतन देकर तत्काल सेवा समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार चयनित अभ्यर्थी द्वारा उपस्थति दिये जाने के उपरांत किसी भी कारण से त्यागपत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना अथवा उनके द्वारा एक माह का वेतन/मानदेय जमा किया जाना होगा।

क्रमशः ......3...

16. संविदा भर्ती के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम एवं समय–समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होंगे।
17. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। (टीपः– स्थायी जाति प्रमाण–पत्र धारक पात्र होंगे।)
18. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।
19. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें किसी भी शासकीय/अर्ध्द शासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा अनुशासनहिनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हें अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।
20. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति महासमुन्द को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
21. संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ राशि रु. 50/– के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा। अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जायेगा।
22. नियोक्ता के साथ करार पत्र (संविदा पत्र) निष्पादित करना अनिवार्य होगा।
23. पद पर नियमित नियुक्ति होने अथवा संविदा अवधि समाप्त होने पर नियुक्ति स्वमेव समाप्त हो जावेगी।
24. उक्त पद के लिये प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता जारी दिनांक से 31 मार्च 2022 तक होगी इस समयावधी में त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों की पूर्ति भी प्रतिक्षा सूची से की जा सकेगी।
25. आवेदक को मुख्यालय में निवास कर ही समस्त शासकीय कार्यो का संपादन करना अनिवार्य होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
महासमुंद (छ0ग0)

## आवेदन पत्र का प्रारूप

| स्व प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो |
|---|

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–महासमुंद (छ0ग0)

1. आवेदित पद का नाम :————————————
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :————————————
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में):————————————
3. पिता / पति का नाम :————————————
4. जन्मतिथि (अंको में ) :————————————
5. दिनांक 01 जनवरी 2021 की स्थिति में :————————————
5. जाति (सामान्य / अनु.जाति / अ.ज.जा. / अ.पि.व.) :————————————
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. स्थायी निवास का पता :————————————

   ————————————

   ————————————

   ————————————
7. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :————————————

   ————————————

   ————————————

   ————————————

मोबाईल नं. :————————————

दूरभाष नं. :————————————

ई–मेलआई.डी.:————————————

8. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

9. कार्य अनुभव का विवरण :–

| क्र. | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार (शासकीय / सार्वजनिक / वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था) | पदनाम | कार्य अवधि / अनुभव कुल वर्ष | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

10. वैवाहिक स्थिति (हॉ / नही) :————————————

11. संलग्न स्व–प्रमाणित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या

1. ————————————
2. ————————————
3. ————————————
4. ————————————
5. ————————————
6. ————————————
7. ————————————
8. ————————————

आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं, एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी एवं संलग्न अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है। तथा संविदा भर्ती संबंधी मेंरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान ..............
दिनांक ....................

आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर
नाम ..........................